Alberta

समाचार विज्ञप्ति

एल्बर्टा के COVID-19 टीके रोलआउट का विस्तारण

19 फरवरी 2021

एल्बर्टा की टीका वितरण कार्यनीति के चरण 2 के तहत वसंत की अवधि में 1.79 मिलियन से भी अधिक एल्बर्टावासियों को COVID-19 का टीका लगाया जाएगा।

चरण 2 का टीकाकरण कदमवार तरीके से प्रस्तुत किया जाएगा और इसके पूरा हो जाने पर 50 से 74 वर्ष की आयु के सभी व्यक्तियों, पहले से किसी ऊँचे खतरे वाली स्वास्थ्य-संबंधि स्थिति से ग्रस्त व्यक्तियों, 35 वर्ष और इससे अधिक आयु के फर्स्ट नेशन्स और मेटिस लोगों, सँयुक्त आवास परिवेशों में रहने वाले निवासियों और कर्मचारियों, तथा पात्र देखभालकर्ताओं को टीका लगा दिया जाएगा।

टीकों की आपूर्ति के आधार पर चरण 2 को अप्रैल में आरंभ करने का लक्ष्य रखा गया है।

"एल्बर्टा के टीके रोल-आउट में हमेशा COVID-19 के सबसे अधिक खतरे वाले लोगों को प्राथमिकता दी गई है, और चरण 2 इससे कोई अलग नहीं है। हमने जनस्वास्थ्य विशेषज्ञों और अपने टीका कार्यबल (Vaccine Task Force) की सलाह सुनी है, ताकि खतरे वाले एल्बर्टावासियों की पहचान की जा सके। चरण 2 के पूरा हो जाने पर 1.79 मिलियन से भी अधिक एल्बर्टावासियों को COVID-19 का टीका लगा दिया जाएगा, और हम सामान्य जनता के टीकाकरण की ओर आगे बढ़ सकेंगे। हमारा प्रांत जल्दी से जल्दी एल्बर्टावासियों की बाहों में टीके लगाने के लिए तैयार है। लेकिन यह ओटावा से एल्बर्टा को टीकों की समयानुसार और सही आपूर्ति मिलने पर निर्भर करता है। संघीय सरकार को देरी समाप्त करने की आवश्यकता है, ताकि हम यह काम पूरा कर सकें।"

जेसन केनी, प्रीमियर

"एल्बर्टा का टीका वितरण कार्यक्रम सबसे बेहतरीन कार्यक्रमों में से एक है तथा हमें जैसे-जैसे और भी अधिक आपूर्ति प्राप्त होगी, हम अपनी क्षमता बढ़ाते जाएँगे। एल्बर्टा में जितने अधिक टीके आएँगे, हम उतनी ही तेजी से चरण 2 पर पहुँच सकते हैं और अधिक से अधिक एल्बर्टावासियों का टीकाकरण शुरू कर सकते हैं। महामारी अभी समाप्त नहीं हुई है, लेकिन हम लगातार इससे अपने बचावों का निर्माण कर रहे हैं।"

टायलर शैंड्रो, स्वास्थ्य मंत्री

चरण 2 में पात्रता ग्रुप A से ग्रुप D की ओर आगे बढ़ेगी:

- ग्रुप A में शामिल हैं:
  - 65 से 74 वर्ष के बीच की आयु के एल्बर्टावासी, चाहे वे कहीं भी रहते हों।

    - 50 से 64 वर्ष के बीच की आयु के फर्स्ट नेशन्स और मेटिस लोग, जो संरक्षित क्षेत्रों और मेटिस बस्तियों में या इनके बाहर रहते हैं।
    - लाइसेंसीकृत समर्थन-प्राप्त आवासीय सुविधाओं के कर्मचारी, जो चरण 1 में शामिल नहीं थे।
- ग्रुप B में शामिल हैं:
    - 18 से 64 वर्ष के बीच की आयु एल्बर्टावासी, जो ऊँचे खतरे वाली स्वास्थ्य-संबंधी पूर्वस्थितियों से ग्रस्त हैं। चरण 2 के रोलआउट से पहले विशिष्ट स्वास्थ्य-संबंधी स्थितियों के बारे में अतिरिक्त जानकारी दी जाएगी।
- ग्रुप C में शामिल हैं:
    - पात्र सँयुक्त आवास परिवेशों में रहने वाले निवासी और कर्मचारी। इनमें सुधारात्मक सुविधाएँ, बेघर व्यक्तियों के आश्रय, तथा विकलाँगता, मानसिक स्वास्थ्य और अन्य प्रकार के लाइसेंसीकृत समर्थन-प्राप्त सामूहिक आवास शामिल हैं।
    - गंभीर और तीव्र रोगी देखभाल प्रदान करने वाले स्वास्थ्य-देखभाल कर्मी, जिनके लिए ऊँचे खतरे वाले व्यक्तियों में वायरस फैलाने की संभावना अधिक है।
    - गंभीर परिणामों के सबसे ऊँचे खतरे वाले एल्बर्टावासियों के देखभालकर्ता।
- ग्रुप D में शामिल हैं:
    - 50 से 64 वर्ष के बीच की आयु के एल्बर्टावासी, चाहे वे कहीं भी रहते हों।
    - 35 से 49 वर्ष के बीच की आयु के फर्स्ट नेशन्स और मेटिस लोग, जो संरक्षित क्षेत्रों और मेटिस बस्तियों में या इनके बाहर रहते हैं।

पात्र एल्बर्टावासियों को टीके कैसे प्राप्त होंगे, इसके बारे में चरण 2 के हरेक कदम के रोलआउट से पहले विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। हरेक चरण के आरंभ का समय टीकों की आपूर्ति और उपलब्धता पर निर्भर करता है। प्रांत में टीके वितरित करने के लिए एल्बर्टा संघीय सरकार पर निर्भर करता है।

अन्य सभी समूहों के अनुक्रमण की पहचान करने का काम चल रहा है।

सभी टीकाकृत व्यक्तियों से स्वास्थ्य-संबंधी दिशा-निर्देशों और प्रतिबंधों का अनुपालन करना जारी रखने की आशा की जाती है।

एल्बर्टा की सरकार COVID-19 महामारी की प्रतिक्रिया में वक्र को मोड़ने, छोटे व्यवसायों को कार्यरत बनाए रखने और एल्बर्टा की स्वास्थ्य-देखभाल प्रणाली की सुरक्षा के लिए सटीक उपायों के माध्यम से जीवन और लोगों की आजीविका की रक्षा कर रही है।

संबंधित जानकारी

- एल्बर्टा में COVID-19 टीका

मल्टीमीडिया

- समाचार सम्मेलन देखें
- आयोजन की तस्वीरें देखें *(आयोजन के बाद उपलब्ध होंगी)*

मीडिया पूछताछ

[जेरिका गुडविन]
587-988-3278
प्रेस सचिव, प्रीमियर कार्यालय
(Press Secretary, Office of the Premier)

[टॉम मैकमिलन]
780-422-4905
संचार सहायक निदेशक, स्वास्थ्य
(Assistant Director of Communications, Health)

अन्य सरकारी अनुवादित संसाधनों के लिए कृपया वेबसाइट *https://www.alberta.ca/covid-19-translated-resources.aspx* पर जाएँ।